# JIOSTAR RIO SIGNALS PRICING PRESSURE FOR CABLE TV

***JioStar's 2026 Reference Interconnect Offer (RIO) is emerging as a key pricing benchmark for India's television distribution market. Cable TV operators and distribution platforms are closely analysing the revised tariffs to assess the potential impact on industry margins and subscriber pricing.***

The new RIO released by JioStar introduces changes in both a-la-carte and bouquet pricing, prompting distribution platform operators to evaluate the cumulative cost implications before revising their retail channel packs. With updated RIOs from Sony Pictures Networks India and Zee Entertainment Enterprises expected shortly, industry stakeholders believe the next few weeks could determine whether the pay-TV sector enters a broader tariff adjustment cycle in 2026.

JioStar's revised offering includes 83 bouquets, 81 SD channels, 43 HD channels and six free-to-air channels. In the standard-definition segment, flagship Hindi channels such as Star Plus, Colors, Star Pravah, Star Gold and Star Movies continue to be priced at the Rs 19 a-la-carte benchmark, which remains a key mass-market price point for broadcasters.

However, the upper band of SD pricing now reaches Rs 30 for regional channels such as Asianet, Colors Kannada, Vijay and Maa TV. Industry observers note that this indicates stronger monetisation of regional markets, particularly in southern states where cable TV continues to command a large subscriber base.

A similar pricing structure is visible in the high-definition segment. Channels such as Star Plus HD, Star




# केबल टीवी के लिए जियोस्टार का आरआईओ मूल्य दबाव का संकेत है

***जियोस्टार का 2026 का रेफरेंस इंटरकनेक्ट ऑफर (आरआईओ) भारत के टेलीविजन वितरण बाजार के लिए एक मुख्य बेंचमार्क के रूप में उभर रहा है। केबल टीवी ऑपरेटर और वितरण प्लेटफॉर्म उद्योग मार्जिन और उपभोक्ता मूल्य पर संभावित असर का आकलन करने के लिए बदले टैरिफ का बारीकी से विश्लेषण कर रहे हैं।***

जियोस्टार के लिए जारी किये गये नये आरआईओ में अ–लॉ–कार्टे और बुके मूल्य दोनों में बदलाव किये गये हैं, जिससे वितरण प्लेटफॉर्म ऑपरेटरों को अपने रिटेल चैनल पैक को बदलने से पहले कुल लागत का मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित किया गया है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया और जी इंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज से जल्द ही अपडेटेड आरआईओ आने की उम्मीद है, उद्योग के हितधारकों का मानना है कि अगले कुछ सप्ताह में तय हो सकता है कि पे–टीवी सेक्टर 2026 में बड़े टैरिफ एडजस्टमेंट साइकिल में प्रवेश करेगा या नहीं।

जियोस्टार के बदले ऑफर में 83 बुके, 81 एसडी चैनल, 43 एचडी चैनल और छह फ्री–टू–एयर चैनल शामिल है। स्टैंडर्ड डेफिनिशन सेगमेंट में, स्टार प्लस, स्टार प्रवाह, कलर्स, स्टार गोल्ड और स्टार मूवीज़ जैसे फ्लैगशिप हिंदी चैनल की कीमत 19 रुपये के ए–ला–कार्ट बेंचमार्क पर बनी हुई है, जो प्रसारकों के लिए एक अहम मास मार्केट प्राइस प्वाइंट बना हुआ है।

लेकिन एसडी प्राइसिंग का अपर बैंड अब एशियानेट, कलर्स कन्नड, विजय और मां टीवी जैसे रीजनल चैनलों के लिए 30 रुपये तक पहुंच गया है। उद्योग के जानकारों का कहना है कि इससे क्षेत्रीय बाजार में, खासकर दक्षिणी राज्यों में, जहां केबल टीवी का सब्सक्राइबर बेस अभी भी बड़ा है, ज्यादा कमाई का पता चलता है।

हाई डेफिनिशन खंड में भी ऐसा ही मूल्य संरचना देखने को मिल रहा है। स्टार प्लस एचडी, स्टार जलसा एचडी और स्टार सुवर्णा एचडी जैसे

Jalsha HD and Star Suvarna HD are priced at Rs 25, while several others including Colors HD, Star Bharat HD, Colors Bangla HD and Colors Marathi HD remain at Rs 19. Premium regional HD feeds, including Colors Kannada HD, Asianet HD, Vijay HD and Maa HD, are now positioned at Rs 30, reflecting an upward revision from earlier pricing.

Bouquet rates have also been revised modestly. Packs such as Star Value Pack (SVP) Hindi and SVP Hindi Basic have increased from Rs 110 to Rs 120, while SPP Marathi Lite Hindi has moved from Rs 240 to Rs 250.

For the cable TV industry, the implications extend beyond individual channel prices. Higher broadcaster tariffs increase the overall cost stack for multi-system operators and local cable operators, many of whom operate on tight margins. Any upward revision at the wholesale level could eventually require adjustments in retail channel packs or subscriber pricing.

JioStar's strong sports portfolio, including major cricket rights, continues to strengthen its negotiating leverage with distribution platforms.

With Sony and Zee yet to announce their revised RIOs, the market is watching closely. If similar pricing strategies emerge across networks, analysts believe the combined effect could trigger a wider tariff reset across India's cable and pay-TV ecosystem in 2026, forcing operators to carefully balance rising content costs with subscriber affordability. ■

चैनल **25** रुपये के हैं, जबकि कलर्स एचडी, स्टार भारत एचडी, कलर्स बंग्ला एचडी और कलर्स मराठी एचडी जैसे कई दूसरे चैनल **19** रुपये के हैं। प्रीमियम रीजनल एचडी फीड्स–जिसमें कलर्स कन्नड एचडी, एशियानेट एचडी, विजय एचडी और मां एचडी शामिल हैं–अब **30** रुपये में हैं, जो पहले की कीमतों से ज्यादा है।

बुके दर में भी बदलाव किया गया है। स्टार वैल्यू पैक (एसवीपी) हिंदी और एसवीपी हिंदी बेसिक जैसे पैक **110** रुपये से बढ़कर **120** रुपये हो गये हैं, जबकि एसपीपी मराठी लाइट हिंदी **240** रुपये से बढ़कर **250** रुपये हो गया है।

केबल टीवी उद्योग के लिए, इसका असर अलग–अलग चैनलों की कीमतों से कहीं ज्यादा है। ज्यादा ब्रॉडकास्टर टैरिफ मल्टी सिस्टम ऑपरेटर और लोकल केबल ऑपरेटर के लिए कुल लागत बढ़ाते हैं, जिमें से कई कम मार्जिन पर काम करते हैं। होलसेट लेवल पर किसी बढ़ोतरी के लिए आखिरकार रिटेल चैनल पैक या सब्सक्राइबर प्राइसिंग में एडजस्टमेंट की जरूरत पड़ सकती है।

जियोस्टार का मजबूत खेल पोर्टफोलियो, जिसमें बड़े क्रिकेट अधिकार शामिल हैं, वितरण प्लेटफॉर्म के साथ उसकी विचार–विमर्श की ताकत को और मजबूत कर रहा है।

सोनी और जी ने अभी बदले हुए आरआईओ की घोषणा नहीं की है, इसलिए बाजार अभी करीब से नजर रखे हुए है। यदि सभी नेटवर्क पर एक जैसी प्राइसिंग रणनीति सामने आती है तो विश्लेषकों का मानना है कि इसका मिलाजुला असर **2026** में भारत के केबल और पे टीवी इकोसिस्टम में बड़े पैमाने पर टैरिफ रीसेट को ट्रिगर कर सकता है, जिससे ऑपरेटरों की बढ़ती कंटेंट लागत और सब्सक्राइबर की किफायत के बीच सावधानी से संतुलन बनाना होगा। ■

INDIA'S MOST RESPECTED TRADE MAGAZINE FOR
THE CABLE TV, BROADBAND, IPTV
& SATELLITE INDUSTRY



... You Know What
You are doing
But Nobody Else Does

ADVERTISE NOW !

Contact: Mob.: +91-9108208956 Tel.: +91-22-6216 5313 Email: geeta.lalwani@nm-india.com